**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 18.05.2025 समय : 1905

- आज अन्तर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस मनाया जा रहा है।
- भारतीय स्टेट बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा फास्ट फूड स्टॉल पर आयोजित पाठ्यक्रम का समापन।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बंद हो चुकी प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के आर्थिक पुनरुद्धार के लिए नई नीति लाने की घोषणा की।
- सीपीघाट ग्राम पंचायत के सामुदायिक भवन में तिमाही मॉकड्रिल पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**<><><><><><><>**

दुनिया भर में आज अन्तर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस प्रतिवर्ष सांस्कृतिक आदान–प्रदान, सांस्कृतिक समृद्धि, सहयोग और शांति को बढ़ावा देने के महत्वपूर्ण साधन के रूप में संग्रहालयों की भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है–''तेजी से बदलते समुदायों में संग्रहालयों का भविष्य''। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने आज देश के सभी ए एस आई स्मारकों और संग्रहालयों में जनता के लिए मुफ्त प्रवेश की घोषणा की है। यह पहल इन अमूल्य संग्रहों को देखने का एक अनूठा अवसर प्रदान करती है, जिनमें से कई भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को समझने के लिए महत्वपूर्ण हैं। अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस, सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने, शिक्षा और समुदायों के बीच संवाद को बढ़ावा देने में संग्रहालयों के महत्व को रेखांकित करता है।

उधर, द्वीपसमूह में भी क्षेत्रीय मानव विज्ञान संग्रहालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस समारोह के अवसर पर पांच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका आज समापन हो गया। समारोह में द्वीप समूह की सांस्कृतिक समृद्धि को उजागर करने वाले कई कार्यक्रम शामिल थे, पिछले चार दिनों में, संग्रहालय ने निर्देशित पर्यटन और विषयगत प्रदर्शनों की मेजबानी की है, जिसने द्वीपवासियों और पर्यटकों को आकर्षित किया है। इस दौरान गोवा के मंत्री गोविंद गौडे ने भी संग्रहालय का दौरा किया।

पर्यटन निदेशालय के सहयोग से पर्यटकों के लिए वर्चुअल रियलिटी अनुभव आयोजित किया गया। इसके साथ ही संग्रहालय में कहानी सत्र और नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में कला एवं संस्कृति सचिव ज्योति कुमारी, पूर्व सहायक निदेशक डॉ. रशीदा इकबाल, पहली निकोबारी मानव विज्ञानी और ए एस आई की पूर्व क्षेत्रीय निदेशक डॉ. एन्सिट्स जस्टिन उपस्थित थे।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित भारतीय स्टेट बैंक के ग्रामीण स्वरोज़गार प्रशिक्षण संस्थान ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह के इक्कतीस महिला प्रशिक्षुओं के लिए बारह दिवसीय फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका कल समापन हो गया। समापन समारोह में खंड विकास अधिकारी ललिता तिग्गा और यू टी एल बी सी के मुख्य प्रबंधक पी के उमर फारूक, और लीड बैंक के मुख्य प्रबंधक रवि शंकर उपस्थित थे। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी ललिता तिग्गा ने प्रशिक्षुओं को फास्ट फूड पर जानकारी हासिल करने पर उनकी सराहना करते हुए कहा।

यू टी एल बी सी के मुख्य प्रबंधक पी के उमर फारूक ने प्रशिक्षुओं को सिखाए गए कौशल का सही उपयोग करने की सलाह देते हुए कहा कि प्रशिक्षुओं को उद्यम शुरू करने के लिए बैंक द्वारा अपेक्षित् ऋण देने का आश्वासन दिया। लीड बैंक के मुख्य प्रबंधक रवि शंकर ने कौशल सीखने के लिए प्रशिक्षुओं की सराहना की। समापन अवसर पर प्रशिक्षुओं को प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

<><><><><><><>

निगरानी उपग्रह ई ओ एस–09 का प्रक्षेपण तीसरे चरण की तकनीकी खराबी के कारण सफल नहीं हो सका है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन –इसरो ने आज आंध्रप्रदेश के श्रीहरिकोटा से पी एस एल वी–सी–61 यान से इसका प्रक्षेपण किया था। इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा कि दूसरे चरण तक उपग्रह ठीक तरीके से काम कर रहा था, लेकिन तीसरा चरण सफलतापूर्वक पूरा नहीं हो सका।

<><><><><><><>

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि सात, सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जल्द ही प्रमुख देशों के साथ बातचीत करेंगे। उन्होंने कहा कि यह, ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवाद के खिलाफ भारत के

सामूहिक संकल्प को दर्शाता है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री रिजिजू ने इस संयुक्त मोर्चे का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसदों और प्रतिनिधिमंडलों की सूची साझा की है।

<><><><><><><>

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बंद हो चुकी प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के आर्थिक पुनरुद्धार के उद्देश्य से नई नीति के लिए योजनाओं की घोषणा की है। अहमदाबाद के साइंस सिटी में गुजरात राज्य सहकारी संघ द्वारा आयोजित सहकारी सम्मेलन को संबोधित करते हुए, श्री शाह ने इन समितियों को पुनर्जीवित करके देश में सहकारी बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। श्री शाह ने कहा कि इस पहल से सहकारी जमा राशि में ग्यारह हज़ार करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। इस कार्यक्रम में राज्य की आठ सौ सहकारी समितियों का प्रतिनिधित्व करने वाले चार हजार से अधिक सहकारी प्रमुखों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, चेन्नई के सहयोग से डॉ. बी. आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में "छात्र मनोविज्ञान और परामर्श कौशल" पर पांच दिवसीय व्यावसायिक विकास कार्यक्रम का कल समापन हो गया। कार्यक्रम में छात्रों की संज्ञानात्मक क्षमताओं, आई–क्यू और भावनात्मक बुद्धिमत्ता का आकलन करने के लिए उपकरणों और तकनीकों पर सत्र आयोजित किए गए। सत्र में विविध मनोवैज्ञानिक जरूरतों वाले छात्रों के लिए तैयार प्रभावी परामर्श विधियों के व्यावहारिक प्रदर्शन भी शामिल थे। राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान के डॉ. रेणुका देवी और डॉ. पी. मल्लिगा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि प्रभावी शिक्षण और मार्गदर्शन के लिए छात्र मनोविज्ञान को समझना और बुनियादी परामर्श कौशल हासिल करना आवश्यक है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग चालीस संकाय सदस्यों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

सीपीघाट ग्राम पंचायत के सामुदायिक भवन में तिमाही मॉकड्रिल पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायत स्तर पर आपदा तैयारियों को बढ़ाना और आपदाओं के दौरान

सामुदायिक स्वयं–सेवकों को प्रशिक्षित करना था। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वंय सेवकों, पंचायत कर्मचारियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और स्वयं सहायता समूह सहित मनरेगा कर्मचारियों को भी जागरूक किया गया।

<><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में लैब टैक्नीशियन, सिविल, मैकेनिकल और ई सी ई के पद के लिए कम्प्युटर आधारित परीक्षा के आंसर–की कल शाम ई–भर्ती पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। दावे और आपत्तियां कल सुबह आठ बजे तक ई–मेल के माध्यम से भेजे जा सकते है।

<><><><><><>

यातायात पुलिस की ओर से चालान की प्रक्रिया में बदलाव लाया गया है। अब पारंपरिक मैनुअल प्रणाली की जगह ई–चालान प्रणाली के इस्तेमाल से यातायात कानून प्रवर्तन में एक महत्वपूर्ण बदलाव आएगा। डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म ने ट्रैफ़िक उल्लंघनों से निपटने में अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित की है, जिससे आम जनता को इसका लाभ मिल रहा है। लोगों को अब चालान विवरण के साथ एस एम एस अलर्ट प्राप्त होते हैं और वे अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजे गए लिंक पर क्लिक करके आसानी से ऑनलाइन जुर्माना भर सकते हैं। लोगों को नकद में चालान का भुगतान करने से बचने और पूर्ण पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल भुगतान विकल्पों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इसके अलावा, पुलिस ने पुराने बुकलेट–फ़ॉर्मेट ड्राइविंग लाइसेंस के सभी धारकों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने निकटतम परिवहन कार्यालय में जाकर जल्द से जल्द स्मार्ट कार्ड प्रारूप में अपग्रेड करने की सलाह भी दी है।

<><><><><><>

ब्रिचगंज के चिंते लांग रेंज में बाईस मई को फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। अभ्यास सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक चलेगा। इस दौरान संबंधित क्षेत्रों के निवासियों को अपने वाहन और मवेशियों को फायरिंग रेंज से दूर रखने को कहा गया है।

<><><><><><>